Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 29th March, 2023

Career Guidance - Opportunities in Cyber Security

कॅरियर गाइडेंस..

साइबर सिक्युरिटी में कॅरियर बनाने के सर्वाधिक अवसर

डॉ. रमेश मंगल,
वरिष्ठ शिक्षाविद

इंदौर| मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग के साथ अब प्लेसमेंट का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। इन्हीं में से एक है साइबर सिक्युरिटी। इससे जुड़े कई नए कोर्स लगातार शुरू हो रहे हैं। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्स के कई विकल्प हैं, जो साइबर सिक्युरिटी में कॅरियर बनाने की राह आसान कर रहे। सॉफ्टवेयर डेटा चोरी नहीं हो और सभी कागजात सुरक्षित रहें, इसलिए साइबर सिक्योरिटी आवश्यक है।

साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ क्या करते हैं? साइबर सिक्योरिटी के अंतर्गत एथिकल हैकर्स की बड़ी टीम होती है, जो आपका डेटा चोरी होने, डिलीट होने या आपके किसी भी डिवाइस को नुकसान होने से बचाते हैं। इसे इन्फार्मेशन सिक्युरिटी और टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी नाम से भी जाना जाता है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट का काम इंटरनेट पर साइबर हमलों को रोकना और सिस्टम के डेटा को सुरक्षित रखना होता है।

लगातार बढ़ रही डिमांड

स्ट्रेटेजिक मार्केट रिसर्च के अनुसार, वैश्विक साइबर सिक्योरिटी मार्केट वर्ष 2030 तक करीब 478 अरब डॉलर के आसपास पहुंच जाएगा। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि अभी 35 लाख साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की कमी है। ऐसे में 10 वर्ष तक स्किल्ड युवाओं के समक्ष अवसरों की कमी नहीं रहेगी। वे अपनी रुचि अनुसार इन्फार्मेशन सिक्योरिटी, नेटवर्क सिक्योरिटी इंजीनियरिंग, साफ्टवेयर डेवलपमेंट, क्लाउड सिक्योरिटी, साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, साइबर सिक्योरिटी मैनेजर, सिक्योरिटी आर्किटेक्ट जैसे डोमेन का चयन कर सकते हैं। गूगल एवं माइक्रोसाफ्ट जैसी कंपनियों ने भी युवाओं को साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित करने की पहल की है। माइक्रोसाफ्ट ने तो अगले तीन वर्षों में करीब 10 हजार युवाओं को इंटर्नशिप एवं नौकरी देने का लक्ष्य रखा है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के लिए योग्यता क्या है?

यूं तो 12वीं के बाद ही साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसका कई विश्वविद्यालयों में डिप्लोमा कोर्स भी होता है। डीएवीवी में भी साइबर सिक्योरिटी का कोर्स है। डिग्री कोर्स की ज्यादा उपयोगिता है। साइबर सिक्योरिटी में बीएससी, बीटेक (कंप्यूटर साइंस), आईटी सिस्टम इंजीनियरिंग अथवा बीई कर सकते हैं। इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी में एमएससी एवं एमटेक भी किया जा सकता है। कुछ लोग एमसीए या एमबीए के माध्यम से अपनी योग्यता और अधिक बढ़ाकर भी इस क्षेत्र में कार्य करते हैं।

इस क्षेत्र में विकल्प और भी हैं जिन्हें समझना जरूरी

जो युवा कोर्स के साथ साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री में दो वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव लेते हैं, वे फोरेंसिक क्षेत्र में जा सकते हैं। फोरेंसिक में विशेषज्ञता की जरूरत होती है। इसके लिए भी स्पेशलाइज्ड कोर्स होता है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों में इससे संबंधित कई स्पेशलाइज्ड कोर्स कराए जा रहे हैं। डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा तेजी से उभरता क्षेत्र है। डेटा को गलत इस्तेमाल से बचाने के लिए ज्ञान, कौशल और विशेषज्ञता रखने वाले लोगों की जरूरत है, ताकि प्रौद्योगिकी की सुरक्षा, गोपनीय जानकारी और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने पर वेतन भी काफी अच्छा मिलने लगा है।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)